संक्षिप्त

गोवंश से भरा ट्रक जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक। लाम्बाहरीसिंह थाना क्षैत्र के उनियारा-झाड़ली मार्ग पर गोरक्षक दल ने गोवंश से भरा एक ट्रक को पीछा करके पकड लिया, सूचना पर पंहुची थाना पुलिस ने कार्यवाही कर 30 गोवंश को मुक्त कराया तथा प्रकरण में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने कंटेनर में भरे गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला, जिन्हे मालपुरा स्थित गोपाल गौशाला में छोड़ा गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी मौसिम हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन उम्र 31 साल निवासी नई आबादी बोतलगंज थाना पिपलिया मंडी जिला मंदसौर मध्य प्रदेश एवं संतोष पुत्र भंवरलाल उम्र 51 साल निवासी फूलपुरा थाना सहारनपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर दोनो के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम-1960 में प्रकरण दर्ज किया गया तथा प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

सडक़ सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

निवाई। पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सडक़ सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने चार्ट एवं मॉडल बनाकर सडक़ सुरक्षा से संबंधित संदेश दिया। सडक़ सुरक्षा एवं गतिविधि प्रभारी डॉ. स्वाति जनकावत ने बताया कि विद्यार्थियों के द्वारा यातायात के नियमों व लाल, नीली एवं पीली बत्तियों की जानकारी सहित यातायात कई संकेतक, गति सीमा, शराब पीकर वाहन नहीं चलने आदि से संबंधित सुंदर चित्र एवं मॉडल बनाएं। प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक़ सुरक्षा से होने वाली मौतें चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करे, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करें। नशे से दूर रहे। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को अल्पाहार एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सडक़ सुरक्षा सेवा नामक एक गैर लाभकारी संस्था के सौजन्य से आयोजित किया गया। जो वर्ष 2002 से सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है।

निरीक्षण किया

निवाई। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत उपखंड क्षेत्र में चल रहे कार्यक्रम का सोमवार को एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी प्रीति मीणा ने निरीक्षण किया। निर्वाचन अधिकारी प्रीति मीणा ने कृषि उपज मण्डी, मायला बाग व गणगौरी बाजार में स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओं को गणना प्रपत्र वितरण करने के दौरान मतदाताओं को सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुडी प्रत्येक प्रक्रिया को सटीकता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान बीएओ को तकनिकी समस्याओं के समाधान में आ रही समस्याओं को लेकर व पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर बीएलओ कुलदीप पाराशर व रवि वर्मा सहित कई बीलओ द्वारा शहर में घर-घर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य का सफल आयोजन किया।

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष ने स्थानीय निकायों के साथ किया संवाद

भरतपुर। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि स्थानीय निकायों को स्ववित्त पोषित एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ आमजन से जुड़ी सेवाऐं पारदर्शी व ऑन लाइन प्राप्त हो इसके लिए चुनौतियों से निपटने का रोडमैप बनाकर कार्य करना होगा।

सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. चतुर्वेदी सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित नगर निकायों के साथ संभाग स्तरीय संवाद कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आर्थिक रूप से सुदृढ होगें तो शहरी विकास की परिकल्पना तेजी से साकार होगी। आमजन को मूलभूत सुविधाऐं मिलने के साथ सड़क, नाली, रोशनी, पार्क संबधी विकास व बेहत्तर साफ-सफाई मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को समन्यवय से कार्य करते हुए स्मार्ट बनने की आवश्यकता है। आमजन की सोच बदलकर जागरूक करते हुए शहर के विकास में भागीदार बनाऐं। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग एवं पुर्नउपयोग के लिए प्लान तैयार करें साथ ही आय के नवीन स्त्रोतों की तलाश कर उसको लागू करें। उन्होंने तकनीकी के सहयोग से परिसंपत्तियों का सर्वे करने, शहरी विकास शुल्क, पार्किंग सुविधा, मेले आयोजन आदि को भी आयवृद्धि के स्त्रोत के रूप में विकसित करने की बात कही।

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. चतुर्वेदी सोमवार को नगर निगम सभागार में आयोजित नगर निकायों के साथ संभाग स्तरीय संवाद कार्यशाला को संबोधित किया ।

आयोग अध्यक्ष ने कहा कि कचरा प्रबन्धन कर ऊर्जा के रूप में उपयोग करने, सीवरेज वाटर का पार्कों में रीयूज करने एवं सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़ी सेवाओं में पारदर्शिता लाने एवं ऑन लाइन करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। सार्वजनिक पार्कों, जनसुविधाओं को विकसित कर नागरिक संगठनों के सहयोग से संचालन एवं रखरखाव का प्लान तैयार होगा तो आर्थिक भार भी कम होगा तथा लोगों का जुड़ाव बढेगा। उन्होनें कहा कि कार्यशाला में आये सुझाव महत्वपूर्ण हैं इससे आयोग को रिर्पोट तैयार करने एवं स्थानीय निकायों के समक्ष वर्तमान चुनौतियों को समझने में मदद मिलेगी।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष

■ स्थानीय निकायों को स्ववित्त पोषित व चुनौतियों से निपटने का रोडमैप बनाना होगा - डॉ. चतुर्वेदी

सिंह ने कहा कि शहरी विकास महत्त्वपूर्ण हैं, निकायों में आय बढाने के साथ आमजन की सेवाओं को सुलभ बनाया जाए। सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने कहा कि कार्यशाला में आये सुझाव स्थानीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होंगे। उन्होंने अच्छा परफोर्मेंस के आधार पर अनुदान तय करने का सुझाव दिया।

आयोग के सदस्य सचिव नरेश ठकराल ने कहा कि स्थानीय निकाय स्वयं बजट का प्लान तैयार करें, स्वयं बनायें तथा स्वयं खर्च करें इसके लिए वित्त्य स्थिति सुदृढ करने की आवश्यकता है। उन्होंने वित्त आयोग द्वारा संभागवार आयोजित की जा रही संवाद कार्यशालाओं के बारे में विस्तार से बताया। आयोग के हृदेश जुनेजा ने बताया कि स्थानीय निकायों को वित्तीय प्रबन्धन में सुधार की जरूरत है। उन्होंने

50 लाख 50 हजार रूपए के चैक जारी

निवाई। नगरपालिका कार्यालय में शहरी सेवा शिविर के फॉलोअप केंप का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 101 पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 50-50 हजार रुपये की राशि जारी की। जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड गई।

पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि सभी 35 वार्डो में करोड़ों रूपए के सीसी रोड सहित कई विकास कार्य हुए हैं। जिनका शहरवासियों को पूरा-पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के लिए नगर पालिका में पैसों की कमी नहीं है। कॉलोनियों में कोई भी समस्या हो तो अवगत करवाएं। जिनका तुरन्त समाधान किया जाएगा। उन्होंने आव्हान किया कि जिनके मकान नहीं है, वह नगर पालिका में आवेदन कर सकते हैं। ऐसे पात्र व्यक्तियों के मकान बनाने के लिए ढाई लाख रूपए सरकार देगी। उन्होंने बताया कि शिविर में 50 लाख 50 हजार रूपए के चैक जारी किए गए है।

रोड पर भारी वाहनों की नो-एंट्री नहीं होने से बढ़ी मुश्किलें

पावटा। कस्बे से गुजरने वाले भोनावास टसकोला रोड पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक और भारी वाहनों की वजह से कस्बे वासियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कस्बे से भोनावास टसकोला रोड निकलते हैं, जिनसे रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। और इसी रोड से आस पास स्कूले होने से बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं का व व्यापार की दृष्टि से कस्बे में व्यापारियों व लोगों का एवं वही शनि मंदिर होने से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। इस रोड से भारी वाहनों का शहर के अंदर प्रवेश दिन में बंद नहीं होने से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है व यही कारण है कि इन भारी वाहनों के आवागमन से इस रोड पर जाम और दुर्घटनाओं की समस्या और गंभीर हो गई है।

इस रोड पर भारी वाहनों के आवागमन के चलते अक्सर जाम लगता है। इस जाम में न केवल आम रहागीर फंसकर परेशान हो रहे हैं। बल्कि मरीज को इमरजेंसी में अस्पताल ले जाने

■ टूटी सडक़ों से बाइक सवार और छोटे वाहन चालक फिसलकर घायल हो जाते हैं

वाली एंबुलेंस भी आधे-आधे घंटे तक जाम में फंसी रहती है। इमरजेंसी में एक एक मिनट कीमती होता है, ऐसे में रोज लगने वाला जाम कहीं न कहीं किसी न किसी एंबुलेंस का रास्ता रोक देता है। वही इन बड़े वाहनों की आवाजाही से परेशानी बनी रहती है जिनमें अभिभावक डरे-सहमे से रहते हैं। इस रोड से रोजाना भारी वाहन गुजरते हैं। कई बार बच्चे साइकिल या पैदल ही भारी वाहनों के हादसे का शिकार होने से बच गए हैं। इस कारण अभिभावक तब तक डरे रहते हैं जब तक उनके बच्चे सुरक्षित घर न लौट आएं।सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक शहर की सडक़ों पर स्कूली बच्चे, दफ्तर जाने वाले लोग और बाजार की भीड़ रहती है। इन्हीं सडक़ों से ट्रक, बसें, ऑटो और अन्य वाहन भी गुजरते हैं। इससे शनि मंदिर से भोनावास फ्लाई ओवर तक जाम की स्थिति बनी रहती है। बड़े वाहनों से सडक़ों का बुरा हाल है, ये सडक़ें हल्के वाहनों के लिए बनी हैं, लेकिन यहां से दिनभर भारी वाहन व ओवरलोड ट्रक गुजरते हैं। इससे सडक़ें टूटकर गड्ढों में बदल जाती हैं।

टूटी सडक़ों से बाइक सवार और छोटे वाहन चालक फिसलकर घायल हो जाते हैं। शहरवासियों को हर रोज दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सडक़ों की मरम्मत पर बार-बार सरकारी धन खर्च होता है। भारी वाहनों व ट्रकों की आवाजाही से उडऩे वाली धूल कस्बेवासियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। खांसी, दमा, एलर्जी और आंखों में जलन की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इस रोड पर रहने वाले लोग और दुकानदार रोजाना धूल की परत में ढक जाते हैं। धूलभरी हवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है।

पुलिया निर्माण कार्य की धीमी गति से यात्री परेशान

फुलेरा। अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा जंक्शन पर प्लेटफॉर्मों के बीच नई पुलिया (फुटओवर ब्रिज) निर्माण कार्य पिछले लंबे समय से अधूरा पड़ा है। करीब चार साल पहले पुराने पुल को तोड़ दिया गया था, लेकिन नई पुलिया का काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। बीते छह महीने से तो कार्य पूरी तरह ठप ही पड़ा हुआ है, जिससे दैनिक रेल यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 पर पिलर लगाने के लिए फाउंडेशन कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन पिलर लगाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया। निर्माण सामग्री भी महीनों से स्टेशन परिसर में पड़ी हुई है, जो कि आवागमन में भी बाधा बन रही है। स्थानीय अधिकारियों से पूछने पर हर बार 1-2 महीने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन यात्री इंतज़ार करते ही रह जाते हैं। दूसरी ओर, वर्तमान में यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने के लिए अजमेर साइड बने ऊंचे फुटओवर ब्रिज का उपयोग करना पड़ता है।

राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक सम्पन्न

फुलेरा। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक गुरुवार को श्रीरामद्वारा सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शाक्ति सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट किए गए। इस कार्य में राजसेवक विक्रम चौहान एवं पीयुष माहेश्वरी ने सहयोग किया।

इस अवसर पर इस माह से पेंशन प्राप्त करने वाले नए पेंशनर्स व नवसदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में पेंशनर साथियों की समस्याओं के समाधान एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। ओमप्रकाश शर्मा, रमेश गोठवाल, भंवरलाल कुमावत, जगदीश कायथ, शीला वायलेट एवं ग्लोरिया डेविड सहित अन्य सदस्यों ने अपने सार्थक सुझाव रखे। आयुर्वेद विभाग से सेवानिवृत वैद्य रामअवतार गुप्ता ने वरिष्ठ

राजस्थान पेंशनर समाज की बैठक में मौजूद लोग।

नागरिकों के स्वास्थ्य व दिनचर्या पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नियमित रक्तचाप व शुगर जांच, पौष्टिक आहार, मालिश तथा आयुर्वेदिक दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। उपाध्यक्ष विमल शर्मा ने कहा कि सभी पेंशनर्स व फैमिली पेंशनर्स आपसी संवाद बनाए रखें ताकि किसी साथी की समस्या समय पर निवारण हो सके। बैठक में प्रभुदयाल कुमावत, रोस्टर जाय, कन्हैयालाल वर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रामरतन कुमावत, नीरज तिवारी, हनुमान सिंह, नन्दकिशोर शर्मा, कैलाश सोनी, इकरामुद्दीन कुरेशी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

प्रजापति समाज के सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन को लेकर चर्चा

सांभरझील । निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर स्थित प्रजापति समाज की धर्मशाला में प्रात: 11:30 बजे प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष हूक्माराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में किया गया। मिडिया प्रभारी राजेन्द्र प्रजापति ने बताया कि इस दौरान समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह भी मनाया गया।

इसके चलते उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके बाद आगामी 23 जनवरी को बसन्त पंचमी पर आयोजित होने वाले समाज के 11 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही सम्मेलन के लिए जोड़ों का आवेदन जमा करते हुए रजिस्ट्रेशन किये गये। इसके साथ ही समाज के भामाशाहों से बातचीत करने पर विचार विमर्श किया।

■ बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष हूक्माराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में किया

इसके अलावा धर्मशाला परिसर में रंग-रोशन करने की बात कही, और इसके लिए सम्बधित ठेकेदार से बात कर उसका कोटेशन लिया गया। इस अवसर पर संरक्षक कन्हैया लाल मारवाल, कोषाध्यक्ष बाबूलाल होदकास्या, सुभाष चन्द्र, गोपाल लाल प्रजापति, रामेश्वर लाल, कैलाश चन्द रेडवाल, कल्याण मल बालोदिया, लक्ष्मीनारायण कुम्हार, उत्तम प्रकाश, गोपाल लाल दम्बीवाल, भंवर लाल प्रजापति, पप्पू राम राजोरा, बालूराम, रामनारायण राजोरिया, गुल्लाराम राजोरिया, दीपक प्रजापति, मूल चन्द बेहरा सहित समाज के अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

सरकार का उद्देश्य कौशल का नियोजन कर रोजगार उपलब्ध करवाना है : राव राजेन्द्र सिंह

कोटपूतली। कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग कोटपुतली- बहरोड़ द्वारा प्रधानमंत्री नेशनल प्रशिक्षुता मेला एवं जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन सोमवार को स्थानीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर कोटपुतली में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ । सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आई.टी.आई. में निकट भविष्य में मेकैनिक मोटर व्हीकल, आटोमोबाईल प्रोसेंसिग, इलेक्ट्रीकल व्हीकल ट्रेडशुरू किए जाएंगे। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट, डाईकिन, टोयोटो कम्पनी के चैप्टर कोटपुतली, बानसूर एवं विराटनगर में आरम्भ करने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशल नियोजन एवं उद्यिमता

कोटपुतली में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

विभाग द्वारा 5-9 वीं के लिए पहले स्टाइपेंड जहां 5 हजार था उसे अब बढ़ाकर 6800, 10 वीं पास के लिए जो पहले 6000 था उसे 8200, 12 वीं पास के लिए 7000 से बढ़ाकर 9600, नेशनल और स्टेट सर्टिफिकेट होने पर जो पहले 7000 थे उसे अब 9600 प्रतिमाह कर दिया है. इसी क्रम में टेक्नीशियन अप्रेंटिस (वोकेशनल) का 7000 से बढ़ाकर 9600, टेक्नीशियन अप्रेंटिस और डिप्लोमा होल्डर का 8000 से बढ़ाकर 10900, स्नातक अप्रेंटिस और डिग्री अप्रेंटिस का 9000 से बढ़ाकर 12300 प्रतिमाह कर दिया गया है ।

योग्यता अनुसार आवेदन कर रोजगार प्राप्त करें. सरकार का उद्देश्य कौशल का नियोजन कर सभी को रोजगार के उचित अवसर उपलब्ध करवाना है. इस दौरान उन्होंने संस्थान में आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग पर इसे जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया । श्याम लाल सांटोलिया जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में 28 कम्पनियों ने 1750 रिक्तियों के साथ 1842 आशार्थियों को साक्षात्कार

■ प्रधानमंत्री नेशनल प्रशिक्षुता मेला एवं जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

कर 856 युवाओं को प्राथमिक रूप से चयनित किया। भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी अशोक बागोरिया ने शिविर में 125 महिला आशार्थियों का महिला सखी के रूप में चयन किया। इस दौरान विधायक कोटपुतली हंसराज पटेल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, सुरेश बादलीवाल, टीटू प्रधान, सतवीर, जयराम गुर्जर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कंपनियों के प्रतिनिधि, प्रतिभागी और विद्यार्थी उपस्थित रहे. मंच संचालन रमेश गुर्जर द्वारा किया ।

व्याख्याता केएल मीना जनजाति गौरव दिवस पर होंगे सम्मानित

निवाई। आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित जनजाति गौरव दिवस पर व्याख्याता के एल मीना को सम्मानित किया जाएगा। व्याख्याता के एल मीना ने बतायाकि उदयपुर के मानगढ़ धाम बांसवाड़ा में आयोजित गौरव दिवस में जनजाति समाज की विशिष्ट उपलब्धियां हेतु प्रत्येक जिले से जनजाति क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें टोंक जिले से शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल व योगदान देने हेतु चौकी निवासी डाइट में कार्यरत व्याख्याता कन्यालाल मीणा को भी में सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु जिला कलेक्टर द्वारा गठित समिति में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु जनजाति विभाग द्वारा व्याख्याता मीणा को 15 नवंबर के दिन बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित जनजाति गौरव दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय बिहारीलाल जी बाबेजा की निजी स्वरीदशुदा न्यायालय से डिक्रीशुदा संपत्ति आमेर रोड, महारानी की छतरी के पास, रामगढ रोड पर 11,000 वर्गगज स्थित है जिसकी इजराय की कार्यवाही वर्तमान में उनकी पुत्री शीना बाबेजा उर्फ शीना चड्ढा के द्वारा की जा रही है। बिहारीलाल बाबेजा ने अपने जीवन काल में ताराचंद कुमावत के साथ इस भू-भाग के संदर्भ में इकरारनामा किया हुआ है जिस पर दोनो पक्षकारों में विवाद नहीं है एवं इस भू-भाग पर अन्य किसी व्यक्ति का कोई लेना-देना नहीं है।
नितिन त्रिवेदी (एडवोकेट)
मो. 93517-89818

नाम परिवर्तन
मैं सत्यप्रकाश यादव मेरी पुत्री का नाम सुहानी से बदलकर सुहानी यादव रख लिया हूँ भविष्य में मेरी पुत्री का नाम सुहानी यादव जाना जावे पता एस-349, 4-एस, स्कीम नई लोहा मण्डी रोड माचडा जयपुर राजस्थान

सूचना आम सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री शेर सिंह निवासी प्लॉट नं. 47 जाट मोहल्ला, वार्ड नं. 6, नदबई, भरतपुर, राजस्थान हाल निवासी प्लॉट नं. 7, बालनाथ नगर, वी.के.आई. आबेडा झूंगर, जयपुर का है एवं उसका पुत्र सचिन सिंह मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है एवं गलत संगत व गलत लाईन में चल रहा है एवं वर्तमान में मेरे अभिभाष्य के निवास स्थान पर गत कई माह से नहीं आ रहा है। मेरा अभिभाष्य अपने उक्त पुत्र सचिन सिंह को दिनांक 10.11.2025 से अपनी चल व अचल सम्पत्ति व अपनी निजी जिन्दगी से बेदखल कर दिया है। यदि कोई इससे किसी भी प्रकार का संव्यवहार/लेन-देन करेगा तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित हो।
जयपुर (पूरन सिंह मीना) एडवोकेट
दिनांक-10.11.2025 मोबाईल नं. 9414525351

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाबे महानगर, जयपुर चौकडी गंगापोल, बादरी का नासिक में अलमशहूर चौबेजी की बगीची पूर्व व दक्षिण मुखी स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2683 वर्गगज़ अर्थात 2243.33 वर्गमीटर है। इस बगीची के चौथाई हिस्से मे मकानात व पूर्व मुखी दुकानात बनी हुई है तथा शेष भूमि खाली है। उक्त वर्णित बगीची स्व. श्री रामगणेश के पूर्वजों की चली आ रही है। श्री राम गणेश के हक मे श्रीमती राज कवर ने दिनांक 03.09.1964 को एक वसीयत लिखी। जो सब रजिस्ट्रार जयपुर सिटी के कार्यालय मे क्रमांक 64 बुक नम्बर 3 वाल्यूम नम्बर 31 के पेज नम्बर 89 से 92 पर दिनांक 22.09.1964 को दर्ज है। श्रीमती राज कवर का दिनांक 31.12.1969 को देहान्त हो गया। उनके देहान्त के पश्चात श्री रामगणेश उक्त सम्पूर्ण चौबेजी की बगीची का एक मात्र मालिक स्वामी काबिज हुआ। श्री रामगणेश का देहान्त दिनांक 16.03.2009 को हो गया। उनकी धर्मपत्नि श्रीमती रमा चतुर्वेदी का देहान्त दिनांक 03.12.2021 को हो गया। उनके देहान्त के पश्चात उनके वारीसानो मे दो पुत्र (1) श्री महेन्द्र चतुर्वेदी (2) श्री मयंक चतुर्वेदी व दो पुत्रीयां (1) श्रीमती पूनम मिश्रा (2) श्रीमती रचना आदरश चतुर्वेदी जीवित है। इनके अलावा अन्य कोई वारीसान नहीं है। स्व. श्री रामगणेश के वारीसान उक्त सम्पूर्ण चौबे जी की बगीची जिसका कुल क्षेत्रफल 2683 वर्गगज़ अर्थात 2243.33 वर्गमीटर को विक्रय करना चाहते है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था की किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो तीन योम में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।
दिनांक-09.11.2025 मुजीब उर रहमान, एडवोकेट
प्लॉट नं. बी-298, पुराना विद्याधर नगर, सेक्टर 8, जयपुर-302039 (राज.)

खोया - पाया
मैं, श्री जय किशन जाजू, आयु लगभग 64 वर्ष, निवासी 4-का-3, मोनिलेक मार्ग, जवाहर नगर, जयपुर, ने भूखंड संख्या 4-या-22, जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 217.20 वर्ग मीटर का संपत्ति भूखंड लिया हुआ है। उक्त संपत्ति से संबंधित मूल आवंटन पत्र संख्या H2/JPR/JN/N2/6/Apr/76, मूल आवंटन पत्र संख्या DHC/JC-1/JPR/430 दिनांक 02.06.1987, तथा राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी मूल नो ड्यूज प्रमाणपत्र गुम/खो गए हैं तथा पूरी तलाश के बावजूद प्राप्त नहीं हो पाए हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज मिलते हैं, तो कृपया संपर्क करें - पता: 4-का-3, मोनिलेक मार्ग, जवाहर नगर, जयपुर या फोन करें: 6377203905
दिनांक: 10.11.2025 (श्री जय किशन जाजू)
स्थान: जयपुर

स्व. पं. सूर्य नारायण राजमिश्र शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नई मण्डी रोड, दौसा
फोन नं. 01427-294820
Email: PSNMC Collegedausa@gmail.com
बी.एड. हेतु पद- प्राचार्य (1) M.A. 55%, M.ED. 55%, PHD, 15 YEAR EXPRIENCE
व्याख्याता- (14) नागरिक शास्त्र, इतिहास, हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, वाणिज्य, विज्ञान, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, संगीत कला, चित्रकला, M.A. 55% ME 55% NET
पुस्तकालयध्यक्ष- (1) M.A. M.Lib.
पुस्तकालय सहायक-(1), लिपिक-(1), अकाउन्टेंट-(1), च.श्रे.क.-(1)
शैक्षणिक योग्यता-विश्वविद्यालय, यूजीसी एवं NCTE रेगुलेशन के मापदण्डानुसार।
नोट-सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित 15.11.2025 तक आवेदन करें।
निदेशक-स्व. पं. सूर्यनारायण राजमिश्र शिक्षक प्रशिक्षण महावि., दौसा

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
आवश्यक सूचना मूलतः आवास संख्या 4/68 अरावली विहार योजना भिवाडी श्री प्रतीक श्रीवास्तव को आवंटन पत्र क्रमांक 1930 दिनांक 15.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 5245 दिनांक 18.03.2011 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 27.12.2023 को उप पंजीयन भिवाडी मे पंजिकृत कराई जा चुकी है। इनके द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 23.01.2024 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री रीतेश कुमार पोर्वाल को किया गया है। मण्डल द्वारा इनके पक्ष मे लीज/हस्तान्तरण पत्र क्रमाक 3242 दिनांक 05.12.2024 को जारी किया जा चुका है। श्री रीतेश कुमार पोर्वाल द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 13.12.2024 को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री सुग्रीव सिंह पुत्र श्री भीम सिंह को किया गया। श्री सुग्रीव सिंह द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करवाने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क उच्च आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रूपये 20000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त आवास का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 4/68 अरावली विहार, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी के संबंध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी मे अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री सुग्रीव सिंह पुत्र श्री भीम सिंह के पक्ष में मकान संख्या 4/68 अरावली विहार राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, भिवाडी जिला अलवर के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
आवश्यक सूचना मूलतः आवास संख्या 4/69 अरावली विहार योजना भिवाडी श्री बलवन्त राय को आवंटन क्रमांक 1917 दिनांक 15.09.2010 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 130 दिनांक 20.04.2011 को जारी किया जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में दिनांक 27.03.2012 को उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। इनके द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 12.12.2018 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री बीरपाल को किया गया है। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में लीज हस्तान्तरण पत्र क्रमाक 4102 दिनांक 16.12.2019 को जारी किया जा चुका है। श्रीमती रेखा देवी द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 04.09.2025 को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्री सुमित दायमा पुत्र श्री सुग्रीव दायमा को किया गया। श्री सुमित दायमा द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क उच्च आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रूपये 20000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त आवास का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष मे किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 4/69 अरावली विहार, रा